नवनीत सहगल
प्रमुख सचिव

अर्द्धशा0प0सं0– 604 /57–2015–51(जी)/13

धर्मार्थ कार्य विभाग
उत्तर प्रदेश शासन
लखनऊ : दिनांक : 26 जून, 2015

महोदय,

उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ एवं मूल निवासियों को शासकीय व्यय पर अजमेर एवं पुष्कर की तीर्थ यात्रा कराये जाने के सम्बन्ध में कृपया धर्मार्थ कार्य विभाग की विज्ञप्ति/प्रकीर्ण संख्या–5/2015/621/57–2015–51(जी)/2013, दिनांकः 22 जून, 2015 का संदर्भ ग्रहण करने कष्ट करें। सुलभ संदर्भ हेतु उपरोक्त संदर्भित विज्ञप्ति/प्रकीर्ण वेबसाइट http://shasanadesh.up.nic.in पर भी उपलब्ध है।

इस संबंध में मुझसे आपसे यह अनुरोध करने की अपेक्षा की गई है कि प्रश्नगत यात्रा दिनांकः 23 जुलाई, 2015 हेतु निर्धारित है। इस सम्बन्ध में समस्त कार्यवाहियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करायी जानी है। अतः विज्ञप्ति/प्रकीर्ण में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही करते हुए पात्र यात्रियों की सूची शासन को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(नवनीत सहगल)

श्री
जिलाधिकारी,
जनपद–
उत्तर प्रदेश।